**(GCF-1, GCF-2, GCF-3, GCF-4, GCF-5+8, GCF-6+9, GCF-10, GCF-11, MCF-1, VCF-1, VCF-2, SCF-1, SCF-2 & VDCF-1)**
**DATE: 18.09.2019** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) निम्न में से कौन से कथन असत्य हैं?
- (a) आर्थिक लागतों में फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन की अवसर लागत शामिल है
- (b) लेखांकन लागतों में शामिल है, केवल स्पष्ट लागतें
- (c) आर्थिक लाभ सदैव ही लेखांकन लाभ से कम होगा यदि फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन तथा प्रयुक्त संसाधनों की कोई अवसर लागत हो।
- (d) लेखांकन लाभ कुल आगम घटायें अस्पष्ट लागतों के बराबर होता है।

(2) आर्थिक सिद्धान्त में यह माना जाता है कि ............... :
- (a) फर्म के भीतर निर्णयन सामान्यतः प्रबन्धकों द्वारा किया जाता है लेकिन मालिकों द्वारा कभी नहीं
- (b) फर्म का अन्तिम उद्देश्य होता है लाभों को अधिकतम करना, फर्म के आकार या व्यावसायिक संगठन के प्रारूप की अनदेखी करके
- (c) जैसे–जैसे फर्म का आकार बढ़ता है वैसे–वैसे उसके उद्देश्य बढ़ते जाते हैं
- (d) किसी फर्म की मौलिक निर्णय उसके मालिक लेते हैं।

(3) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है।
- (a) यदि सीमान्त आगम सीमांत लागत से अधिक हो तो फर्म को उत्पादन बढाना चाहिए।
- (b) यदि सीमान्त आगम सीमान्त लागत से कम हो तो फर्म को उत्पादन घटाना चाहिए।
- (c) आर्थिक लाभ तब अधिकतम होता है जब कुल लागत, कुल आगम के बराबर होता है।
- (d) लाभ अधिकतम करण की शर्त है सीमान्त आगम बराबर सीमान्त लागत

(4) इनमें से कौन – सा वाक्य गलत है?
- (a) प्रतिस्पर्धी फर्मे मूल्य लेने वाली होती है न कि मूल्य बनाने वाली
- (b) मूल्य विभेदीकरण केवल एकाधिकार बाजार में ही सम्भव है
- (c) द्वैयाधिकार बाजार एकाधिकार बाजार में परिवर्तित हो सकती है।
- (d) प्रतिस्पर्धी फर्में सदैव मूल्य विभेदीकरण करती है।

(5) निम्न में से कौन शुद्ध प्रतियोगिता की एक अनिवार्य शर्त नहीं है।
- (a) बड़ी मात्रा में क्रेता या विक्रेता।
- (b) समान उत्पादन।
- (c) प्रवेश की स्वतंत्रता।
- (d) परिवहन लागतों की अनुपस्थिति।

(6) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार पूर्ण प्रतियोगिता से भिन्न है क्योंकि
- (a) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में फर्म उत्पादन विभेदीकरण करती है।
- (b) पूर्ण प्रतियोगिता में फर्मे उत्पादन विभेदीकरण करती है।
- (c) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार में नई फर्मो का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित होता है।
- (d) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार में नई फर्मो के प्रवेश पर सारवान बाधाऐ पाई जाती है।

(7) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है
- (a) एकाधिकारी को भी हानि हो सकती है।
- (b) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में फर्मे मूल्य स्वीकारक होती है।
- (c) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में मूल्य विभेदीकरण करना एक फर्म के लिए लाभदायी होता है
- (d) मोडदार मॉग वक्र अल्पाधिकार में पाया जाता है।

सारणी की सहायता से (प्रश्न 8 से 11) के उत्तर दीजिये।

| Quantity | AVC | TVC | TC | MC | AFC |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 | | | | |
| 2 | 18 | | | | |
| 3 | | | | 18 | |
| 4 | 20 | | | | |
| 5 | | | 150 | | 8 |

(8) पांचवीं इकाई की कुल परिवर्तनशील लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 110
(b) 150
(c) 120
(d) 80

(9) पांचवी इकाई की सीमान्त लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 10
(b) 20
(c) 30
(d) 40

(10) तीसरी इकाई की औसत परिवर्तनशील लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 18
(b) 20
(c) 54
(d) 36

(11) दूसरी इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।
(a) 60
(b) 76
(c) 36
(d) 18

(12) निम्न में से कौनसा एक आदर्शमूलक कथन है–
(a) ऊँची कीमत पर लोग कम वस्तुऐं खरीदते हैं
(b) नीची कीमत पर लोग अधिक वस्तुऐं खरीदते हैं
(c) वस्तुओं को लोगों के लिए खरीदने योग्य बनाने के लिए वस्तु की कीमत को कम करना चाहिए
(d) यदि तुम इस वस्तु का उपभोग करोगे तो अच्छा महसूस करोगे

(13) निम्न में से कौनसा कथन मूल्य र्निणयन से गुजरता है –
(a) कॉफी की पूर्ति अल्काल में बेलेचदार होती है
(b) नीची कीमतों से पैमाने की बचतें प्राप्त होती है
(c) घटिया वस्तुओं की आय लोच ऋणात्मक होती है
(d) सरकार द्वारा कॉलेज की फीस बढ़ाने का निर्णय सही नही है

(14) ––––––––––और––––––––माँग को प्रत्यक्षत प्रभावित नहीं करते हैं –
(a) संबंधित वस्तुओं का मूल्य, उपभोक्ता की आय
(b) उपभोक्ता की आय, पंसद
(c) उत्पादन की लागत, बैंक की कार्य अवधि
(d) संबंधित वस्तुओं का मूल्य, आदतें

(15) आय और आराम के मध्य का उदासीनता वक्र होगा –
- (a) मूल बिन्दु की ओर उन्नतोदर
- (b) मूल बिन्दु की ओर नतोदर
- (c) ऋणात्मक ढ़ाल वाली सीधी रेखा
- (d) धनात्मक ढ़ाल वाली सीधी रेखा

(16) पूर्ति में विस्तार वह स्थिती होती है जब विक्रेता पूर्ति करना चाहते हैं –
- (a) बढ़ी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा
- (b) कराधान में वृद्धि के कारण ज्यादा मात्रा
- (c) समान कीमत पर ज्यादा मात्रा
- (d) घटी हुई कीमत पर ज्यादा मात्रा

(17) निम्न में से कौनसा पैमाने की बचतों का उदाहरण है :–
- (a) जैसे ही कम्प्यूटर उद्योग का विस्तार होता है, तो कम्प्यूटर संचालकों की मांग बढ़ती है, जिससे उनका वेतन भी बढ़ जाता है।
- (b) फर्मो को अपने राज्य की ओर आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा करों में कमी कर देना ताकि फर्मो की लाभदायकता बढ़ सकें।
- (c) कम्प्यूटर की मांग बढ़ जाने से उसकी कीमत का घट जाना।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(18) निम्न में से कौनसा कथन सत्य है ?
- (a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल तथा उत्पत्ति ह्रास नियम एक ही नियम को समझाने के दो तरीके है।
- (b) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि उत्पत्ति ह्रास नियम दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
- (c) पैमाने के समान प्रतिफल अल्पकालीन सिद्धान्त है, जबकि पैमाने के वर्द्धमान दीर्घकालीन सिद्धान्त है।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(19) अवसर लागत है :–
- (a) किसी वस्तु को खरीदने का अतिरिक्त लाभ।
- (b) निर्णय प्रक्रिया में हम जिनका त्याग करते है।
- (c) उद्यमी द्वारा साधनों को किया गया भुगतान।
- (d) भविष्य में उत्पादन करने के लिए भूतकाल में किया गया भुगतान।

(20) एक विद्यार्थी के लिए अवसर लागत है :–
- (a) कोर्स की फीस तथा किराया
- (b) बैंक से लिया गया लोन
- (c) एक विद्यार्थी पढ़ने के स्थान पर नौकरी करके जो धन कमा सकता था।
- (d) विद्यार्थी जो स्नातक के बाद कमा सकता है।

(21) 4 इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

| Units | Total Cost (Rs.) | Marginal Cost (Rs.) |
|---|---|---|
| 2 | 80 | 40 |
| 4 | – | 30 |

- (a) 140
- (b) 120
- (c) 50
- (d) 40

(22) एकाधिकार बाजार में सीमान्त आगम सदैव ________
(a) मूल्य और औसत आगम से अधिक होती है।
(b) मूल्य के पास समान होती है।
(c) कभी मूल्य से अधिक तथा कभी कम होती है।
(d) मूल्य और औसत आगम से कम होती है।

(23) यदि दो वस्तुओं की आड़ी लोच शून्य हो, तो वे वस्तुऐ है :–
(a) पूर्णतया पूरक वस्तुऐं
(b) पूर्णतया स्थानापन्न वस्तुऐं
(c) असम्बन्धित वस्तुऐं
(d) कुछ भी कहा नहीं जा सकता।

**निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये तथा प्रश्न 24–26 के उत्तर दिजिए।**
आलिया का अपना एक छोटा मृद्भांड कारखाना है। वह प्रति वर्ष मृद्भांड के 1,000 पीस बना सकती है तथा उन्हें प्रत्येक 500 रू. में बेचती हैं। मृद्भांड के 1,000 पीस के उत्पादन के लिए आलिया की कच्चे माल की लागत 35,000 रू. आती हैं। उसने अपने कारखाने व उपकरण में 2,00,000 रू. अपनी बचतों से 1,50,000 रू. तथा 10 प्रतिशत ब्याज पर उधार लेकर 50,000 रू. लगाये हैं (मान लीजिए कि वह 20 प्रतिशत पर अपने धन को उधार भी दे सकती थी)। आलिया प्रति वर्ष 80,000 रू. पर प्रतियोगी मृद्भांड कारखाने में कार्य कर सकती हैं।

(24) आलिया के मृद्भांड कारखाने में लेखांकन लाभ है–
(a) 3,00,000 रू.
(b) 4,60,000 रू.
(c) 3,80,000 रू.
(d) 3,75,000 रू.

(25) आलिया के कारखाने में आर्थिक लाभ है–
(a) 3,50,000 रू.
(b) 2,50,000 रू.
(c) 2,30,000 रू.
(d) 2,40,000 रू.

(26) आलिया के मृद्भांड कारखाने में अंर्तमुखी लागत है–
(a) 30,000 रू.
(b) 50,000 रू.
(c) 80,000 रू.
(d) 75,000 रू.

**तालिका में दिये गये सुमित के उत्पादन आँकड़ों पर विचार कीजिये। प्रश्न 27-29 तक प्रश्नों के उत्तर देने के लिए तालिका 1 का उपयोगी कीजिये।**

| श्रमिकों की संख्या | कुल उत्पाद |
|---|---|
| 1 | 10 |
| 2 | 22 |
| 3 | 31 |
| 4 | 40 |
| 5 | 47 |
| 6 | 52 |
| 7 | 56 |

| | |
|---|---|
| 8 | 58 |
| 9 | 60 |
| 10 | 61 |

(27) कल्पना कीजिए सुमित को अपने श्रमिकों को 20 रू. प्रति घंटा भुगतान करना होता हैं, तथा आगें कल्पना कीजिए किसी भी हालत में कोई अन्य उत्पादन लागतें नहीं है। 5 वें श्रमिक का सीमान्त उत्पाद क्या है?
(a) 12
(b) 9
(c) 7
(d) 8

(28) तालिका 1 में, जब 40 इकाइयाँ उत्पादित की जाती हैं, सुमित की औसत कुल लागत हैः
(a) 2 रू.
(b) 80 रू.
(c) 5 रू.
(d) 20 रू.

(29) तालिका 1 के आँकड़ों का उपयोग करके हम जानमें है कि उत्पाद की 52वीं इकाई की सन्निकट सीमान्त लागत हैं–
(a) 0.25 रू.
(b) 1.25 रू.
(c) 2.50 रू.
(d) 4.00 रू.

(30) चाय एंव कॉफी के बीच माँग की आडी लोच है–
(a) धनात्मक
(b) ऋणात्मक
(c) शून्य
(d) अनन्त

(31) एक सरल रेखीय माँग वक्र के उच्चतम बिन्दु व मध्य बिन्दु के बीच में लोच होगी :–
(a) उन्नत
(b) शून्य
(c) इकाई से अधिक
(d) इकाई से कम

(32) जब किसी वस्तु का मूल्य 1 रूपया प्रति इकाई है, उपभोक्ता उस वस्तु पर 80 रूपये खर्च करता है और जब उसका मूल्य 2 रूपये प्रति इकाई हो जाता है, तो उपभोक्त उस वस्तु पर 96 रूपये खर्च करता है। मांग की लोच ज्ञात कीजिये।
(a) 0.2
(b) 0.3
(c) 0.4
(d) 0.75

(33) जब अर्थशास्त्री किसी विशिष्ट वस्तु की उपयोगिता की बात करते है, तो वे निम्न में से किसका संदर्भ ले रहे होते हैः–
(a) वस्तु के लिए माँग
(b) उपभोक्ता में वस्तु की उपादेयता
(c) वस्तु के उपयोग के प्रति संतुष्टि
(d) वह दर जिस पर उपभोक्ता एक वस्तु का दूसरी वस्तु के लिए आदान–प्रदान करने की इच्छुक है।

(34) अपनी आय को आबंटित करने में उपभोक्ता का उद्देश्य होता है :–
- (a) अपनी कुल उपयोगिता को अधिकतम करना।
- (b) सीमान्त उपयोगिता को अधिकतम करना।
- (c) जिस माल को वह सबसे अधिक चाहता है, उसको चाहे जिस मूल्य पर खरीदना।
- (d) जिस माल की सप्लाई कम होने की वह आशा करता है, उस माल को खरीदना।

(35) उदासीन वक्र _________ के कारण उद्गम के प्रति उत्तल होता है।
- (a) गिरते MRS
- (b) उठते MRS
- (c) सतत् MRS
- (d) उपरोक्त में कोई नहीं।

(36) उपभोक्ता की मूल्य रेखा या बजट रेखा होती है :–
- (a) X-अक्ष के समानान्तर
- (b) Y-अक्ष के समानान्तर
- (c) दोनों अक्षों को जोड़ती हुई एक सीधी रेखा
- (d) उपरोक्त में कोई नहीं।

(37) _________उपभोक्ता की रूचि व पसन्द को दर्शाता है।
- (a) कीमत रेखा
- (b) औसत लागत वक्र
- (c) उदासीनता मानचित्र
- (d) सीमान्त आगम वक्र

(38) यदि आपको निम्नलिखित आँकड़े दिये जाते है–

**तालिका 1**

| Input | कुल लागत |
|---|---|
| 0 | 0 |
| 1 | 15 |
| 2 | 35 |
| 3 | 60 |
| 4 | 92 |
| 5 | 140 |

उपरोक्त आँकड़े एक उदाहरण हैं–
- (a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल के
- (b) पैमाने के स्थिर प्रतिफल के
- (c) पैमाना के वृद्धिमान प्रतिफल के
- (d) धनात्मक स्थिर लागतों के

(39) निम्नलिखित तालिका प्रदर्शित करती है–

**तालिका 1**

| श्रमिकों की संख्या | Output |
|---|---|
| 0 | 0 |
| 1 | 23 |
| 2 | 40 |
| 3 | 50 |

(a) श्रम का वृद्धिमान सीमान्त उत्पाद
(b) श्रम का ह्रासमान सीमान्त उत्पाद
(c) पैमाने के वृद्धिमान प्रतिफल
(d) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल

(40) एक जूता उत्पादक द्वारा सभी साधनों को 100% बढ़ाये जाने पर यदि उत्पादन में केवल 80% की ही वृद्धि हो, तो वह सामना कर रहा है :–
(a) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल
(b) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल
(c) पैमाने के समान प्रतिफल
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(41) रेखीय समरूप उत्पादन फलन किसे दर्शाता है :–
(a) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल
(b) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल
(c) पैमाने के समान प्रतिफल
(d) इनमें से कोई नहीं।

(42) साधनों को एक उद्यमी द्वारा जो असुविधा तथा कष्ट प्राप्त होता है उसको निम्न लागत में देखा जायेगाः
(a) वास्तविक लागत
(b) बर्हिमुखी लागत
(c) सामाजिक लागत
(d) अर्न्तमुखी लागत

(43) ''मुझे व्यापार में हानि हो रही है, जो कि किराये के कारण है। ऐसे समय में व्यापार बन्द नहीं कर सकता हूं।'' उद्यमी लाभ को बढ़ाने या हानि को कम करने का प्रयास कर रहा हो तोः
(a) तर्कसंगत है यदि फर्म परिवर्तनशील लागत वसूल कर पा रही हो।
(b) तर्कसंगत है यदि फर्म स्थायी लागत वसूल कर पा रही हो
(c) तर्कसंगत नहीं है क्योंकि हानि को कम करने के लिए फर्म बन्द करना आवश्यक है
(d) तर्कसंगत नहीं है क्योंकि यदि फर्म बन्द कर दी जाती है, तो स्थायी लागते कम हो सकती है

(44) लेखांकन लागत आर्थिक लागत से––––––––––होती है।
(a) अधिक
(b) कम
(c) बराबर
(d) इनमें से कोई नहीं

(45) यदि फर्म की औसत लागत न्यूनतम है, तो सीमांत लागत होगी।
(a) औसत लागत से अधिक
(b) औसत लागत के बराबर
(c) औसत लागत से कम
(d) इनमें से कोई नहीं

| उत्पादन (Q) | मूल्य प्रति इकाई (P) | कुल लागत (TC) | परिवर्तनीय लागत (VC) | सीमान्त लागत (प्रति इकाई) (MC) | कुल आगम (TR) | सीमान्त आगम (प्रति इकाई) (MR) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 130 | 45 | 0 | - | | |
| 1 | 124 | 88 | | | | |
| 2 | 118 | 125 | | | | |
| 3 | 112 | 159 | | | | |
| 4 | 106 | 193 | | | | |
| 5 | 100 | 230 | | | | |
| 6 | 94 | 273 | | | | |
| 7 | 88 | 325 | | | | |
| 8 | 82 | 389 | | | | |
| 9 | 76 | 465 | | | | |

(46) जब उत्पादन 4 इकाइयों के बराबर होता हैं फर्म की–
- (a) स्थाई लागत 100 तथा इसकी परिवर्तनीय लागत 93 है।
- (b) स्थाई लागत 193 तथा इसकी परिवर्तनीय लागत 0 है।
- (c) स्थाई लागत 0 तथा इसकी परिवर्तनीय लागत 193 है।
- (d) स्थाई लागत 45 तथा इसकी परिवर्तनीय लागत 148 है।

(47) जब उत्पादन 6 इकाइयों के बराबर होता है, फर्म की सीमान्त आय है–
- (a) 384 रू.
- (b) 94 रू.
- (c) 64 रू.
- (d) 2 रू.

(48) जब उत्पादन 7 इकाइयों के बराबर होता है, फर्म का लाभ है–
- (a) 0 रू.
- (b) 41.57 रू.
- (c) 291 रू.
- (d) 336 रू.

(49) इसके लाभ को अधिकतम करने के लिए, फर्म को उत्पादन करना चाहिए–
- (a) 0 इकाइयाँ
- (b) 3 इकाइयाँ
- (c) 5 इकाइयाँ
- (d) 7 इकाइयाँ

(50) कीमत स्वीकारक फर्म है––––––––––
- (a) विज्ञापन इसलिए नहीं करती क्योंकि यह उपभोक्ता को भ्रमित करते हैं
- (b) इसलिए विज्ञापन करती है ताकि मांग को बढ़ा सके
- (c) विज्ञापन करने की बजाय वह उपभोक्ताओं को पुरस्कार देकर आकर्षित करती हैं
- (d) इसलिए विज्ञापन नहीं करती हैं क्योंकि बिना विज्ञापन के वे जितना बेचना चाहे उतना उत्पाद बेच सकती हैं

(51) पूर्ण प्रतियोगिता फर्म सामना करती है–
(a) पूर्णतः लोचदार मांग वक्र
(b) पूर्णतः बेलोचदार मांग वक्र
(c) लोचदार मांग वक्र
(d) बेलोचदार मांग वक्र

(52) एक एकाधिकारी निर्धारित कर सकता है–
(a) कीमत तथा उत्पादन दोनों
(b) या तो कीमत या उत्पादन
(c) ना उत्पादन ना कीमत
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(53) एकाधिकार बाजार में एक विक्रेता का नियंत्रण होता है–
(a) वस्तु की कीमत पर
(b) वस्तु की मांग पर
(c) ए और बी दोनों
(d) वस्तु की उपयोगिता

(54) मूल्य विभेद के तीन चरणों की व्याख्या किस अर्थशास्त्री ने की थी
(a) पीगू
(b) रोबर्टसन
(c) एडम स्मिथ
(d) मार्शल

(55) भारत में दंत मंजन उद्योग उदाहरण है–
(a) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार
(b) एकाधिकारात्मक
(c) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता
(d) अल्पाधिकार

(56) पूर्ण प्रतियोगिता में दीर्घकाल में नहीं होता है–
(a) सामान्य लाभ
(b) असामान्य लाभ
(c) उत्पादन
(d) लागत

(57) तेजी और मंदी व्यापार चक्र के––––––––कहलाते हैं–
(a) अस्थिरता
(b) मुड़ाव बिन्दु
(c) संतुलन बिन्दु
(d) वास्तविक व्यापार चक्र

(58) देश में मुद्रा की पूर्ति बढ़ने का प्रभाव होता है–
(a) ब्याज दर बढ़ती है, निवेश बढ़ते हैं और समग्र मांग बढ़ती है
(b) ब्याज दर बढ़ती है, निवेश घटते हैं और समग्र मांग भी घटती है
(c) ब्याज दर घटती है, निवेश बढ़ते हैं और समग्र मांग भी बढ़ती है
(d) ब्याज दर घटती है, निवेश घटते हैं और समग्र मांग भी घटती है

(59) निम्न में से कौनसा व्यापार चक्र का एक लक्षण नहीं है–
- (a) व्यापार चक्र समाज के कल्याण पर बहुत अधिक प्रभाव डालता है
- (b) व्यापार चक्र समान समय अवधि में घटित नहीं होते हैं
- (c) व्यापार चक्रो के समान कारण व समान विशेषताएं होती है
- (d) व्यापार चक्रो का अनुमान लगाना संभव नहीं है

(60) व्यापार चक्र का अर्थ है।
- (a) किसी वस्तु के उत्पादन में उतार–चढ़ाव
- (b) किसी निश्चित समय में एक अर्थव्यवस्था में होने वाले उच्चावन
- (c) एक लम्बी अवधि तक अर्थव्यवस्था में गिरावट का आना
- (d) बेरोजगारी दर में वृद्धि व बचत की दर में कमी

(61) बाहरी पर्यावरण की जरूरतों को पूरा करना और ग्राहकों के समुहों की अपेक्षाओं और मांगो को पूरा करना कहलाता है ?
- (a) पारस्परिक समझौता
- (b) परस्पर निर्भर प्रक्रिया
- (c) प्रबन्धन प्रक्रिया
- (d) बातचीत प्रक्रिया

(62) रणनीतिक तैयार करने की प्रक्रिया ________ के साथ प्रारम्भ होती है।
- (a) संगठन के आन्तरिक व बाहरी पर्यावरण के मूल्यांकन
- (b) प्रदर्शन अध्ययन
- (c) रणनीतिक का चुनाव
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(63) RBI के वर्तमान गर्वनर कौन है ?
- (a) उर्जित पटेल
- (b) डी. सुब्बाराव
- (c) रघुराम राजन
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(64) IRDAI अधिनियम 1999 के किस अनुभाग में इसकी शक्तियां, कर्त्तव्य और कार्य का विवेचन किया गया है।
- (a) अनुभाग 10
- (b) अनुभाग 12
- (c) अनुभाग 14
- (d) अनुभाग 05

(65) भुगतान को बिना अंजाम दिये किसी लेन–देन को एक निपटान अवधि से अगली अवधि तक ले जाना कहलाता है :–
- (a) मन्देड़िये बाजार
- (b) आधार मूल्य
- (c) बदला
- (d) बजट

(66) वे वस्तुऐं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इस्तेमाल किया जाता है, कहलाती है :–
(a) उपभोक्ता वस्तुऐं
(b) पूंजीगत वस्तुऐं
(c) डिजिटल वस्तुऐं
(d) इनमें से कोई नहीं।

(67) वह दर जिस दर पर केन्द्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के बिलों का बट्टा किया जाता है :–
(a) बैंक दर
(b) नगद रिजर्व अनुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात
(d) इनमें से कोई नहीं।

(68) यह एक लिमिट है, जो कि समायोज्य बन्धक दर की किस्तों तथा ब्याज की दर में कमी या वृद्धि को नियंत्रित करता है–
(a) GAP
(b) CAP
(c) समाशोधन
(d) इनमें से कोई नहीं।

(69) __________आर्थिक दिवालियापन का संदर्भ लेता है, जिसमें न्यायालय, दिवालियां प्रत्याशी की सहायता से सभी दायित्वों को छुपाने के लिए व्यक्ति की सम्पत्तियों का निस्तार किया जाता है।
(a) अधिग्रहण
(b) दायित्व
(c) दिवालियापन
(d) इनमें से कोई नहीं।

(70) उनके निवेशों के प्रति प्रत्याय स्वरूप उनके अंशधारकों को चुकाने के लिए निर्दिष्ट कम्पनी की आयों का एक भाग कहलाता है :–
(a) लाभांश
(b) क्षमता
(c) खर्च
(d) स्थगित भुगतान

(71) किसी उत्पाद की वित्तीय अभिव्यक्ति कहलाती है –
(a) मूल्य
(b) लागत
(c) व्यय
(d) इनमें से कोई नहीं।

(72) एक हस्ताक्षर किया हुआ दस्तावेज जो किसी अनुमोदन को दर्शाता है, कहलाता है :–
(a) स्वीकार (Acceptance)
(b) नियम (Terms)
(c) शर्ते (Condition)
(d) इनमें से कोई नहीं।

(73) Price Sensitivity of the market (व्यापार की कीमत संवेदनशीलता) व्यष्टि पर्यावरण के कौनसे भाग का प्रमुख साधन है।
- (a) पूर्तिकर्ता
- (b) व्यापार
- (c) मध्यस्थ
- (d) उपभोक्ता

(74) व्यवसाय व तकनीकी है
- (a) अर्न्तसम्बन्धित
- (b) अर्न्तनिर्भर
- (c) (a) व (b) दोनों
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(75) विप्रो लिमिटेड किस उद्योग श्रेणी के अर्न्तगत आती है
- (a) दवाई व औषधिया
- (b) अनेक क्षेत्रों में कार्यरत
- (c) मिडिया
- (d) सूचना व प्रौद्योगिकी

(76) मेरा ग्राहक सर्वप्रथम यह किस बैंक का दृष्टिकोण है
- (a) SBI
- (b) Axis
- (c) HDFC
- (d) BOB

(77) निम्न मे से कौनसा कथन एक सार्वजनिक नीति को इगिंत करता है:
- (a) केन्द्रीय सरकार द्वारा कारो का बेडा खरीदने का निर्णय
- (b) नगर निगम द्वारा एक पुरानी बिल्डिंग को गिराना
- (c) सभी नागरिकों को आधार कार्ड उपलब्ध करवाना
- (d) सरकार द्वारा किसी पार्क का नाम बदलना

(78) वार्षिक वित्तीय व्यय, कर, प्रशुल्क तथा सेना पर खर्च का निर्णय किसके अर्न्तगत आता है।
- (a) नीतियां
- (b) बजट
- (c) लक्ष्य निर्धारण
- (d) दीर्घकालिन नियोजन प्रक्रिया

(79) सेबी के खिलाफ प्रथम अपील कहॉ की जा सकती है
- (a) उच्च न्यायालय
- (b) सर्वोच्च न्यायालय
- (c) सिक्योरिटी–अपील ट्रिब्यूनल
- (d) भारतीय रिजर्व बैंक

(80) बोली किसका विलोम शब्द है।
- (a) Ask/offer
- (b) Call
- (c) Equity
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(81) वह शेयर जो आर्थिक गिरावट के समय पर भी एक स्थिर लाभांश व स्थिर आय प्रदान करता है वह कहलाता है।
- (a) सुरक्षात्मक स्कंध
- (b) नगद बजट
- (c) आय स्कंध
- (d) सूचीबद्ध स्कंध

(82) किस दवा निर्माता कम्पनी का स्लोगन है ''Caring for life"
- (a) डा रेड्डी
- (b) लुपिन
- (c) सिपला लि.
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(83) वह FDI जिसके लिये सरकार या RBI से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है वह है।
- (a) ग्रीन चैनल
- (b) प्राथमिक मार्ग
- (c) गैर व्यवसायिक मार्ग
- (d) स्वचालित मार्ग

(84) भारतीय औद्योगिक वित्तीय संस्थान (IFCI) की स्थापना कब हुई
- (a) 1945
- (b) 1946
- (c) 1947
- (d) 1948

(85) समेकन का क्या अर्थ है।
- (a) यह अचल सम्पत्ति में होने वाले नुकसान पर किया गया खर्च है
- (b) यह दो संस्थाओं का संयोग है जो की तब उत्पन्न होता है जब एक संस्थान अपनी सारी सम्पत्तियों को नई संस्था को सौप देता है
- (c) सम्भावित उत्तरदायित्व जो किसी पूर्व लेन–देन या भावी कार्य द्वारा उत्पन्न होती है
- (d) किसी कार्य को करने पर होने वाला खर्च

(86) __________एक तरीका है जिसे बाजार में भावी मॉग का अनुमान लगाया जा सकता है।
- (a) Cross Marketing
- (b) पूर्वानुमान
- (c) बाजार का विकास
- (d) Internate Marketing

(87) प्रवृत्तियों का अर्थ है
- (a) बाह्य पर्यावरण में होने वाली घटनाऐ
- (b) समान या सम्बन्धित घटनाऐ
- (c) रूचि समूह द्वारा मॉग उत्पन्न करना
- (d) उपरोक्त सभी।

(88) खतरा का अर्थ है–
- (a) एक व्यवसाय के लिए प्रतिकूल परिस्थितियॉ जो कि जोखिम और नुकसान उत्पन्न करती है।
- (b) अन्तरनिहित बाधा
- (c) एक अनुकूल प्ररिस्थिति जो कि एक संगठन की ताकत को मजबूत बनाती है।
- (d) उपरोक्त सभी।

(89) Gail (India) Limited का गठन__________में हुआ।
- (a) 1980
- (b) 1984
- (c) 1986
- (d) 1988

(90) "जयेश म्रचेन्ट" CFO है–
- (a) अदानी उपक्रम के
- (b) भारती एयरटेल
- (c) एशियन पेन्ट
- (d) BPCL के

(91) __________को 1938 में स्थापित किया गया–
- (a) Larsen & Toubro Ltd.
- (b) ONEC Ltd.
- (c) NTPC Ltd.
- (d) None of the above

(92) SEBI से पूर्व__________नियंत्रित अधिसत्ता थी–
- (a) IDBI
- (b) MRTP
- (c) CCI
- (d) RBI

(93) CCI की स्थापना__________में की गई थी–
- (a) 1993
- (b) 1998
- (c) 2001
- (d) 2003

(94) SIDBI की स्थापना__________में की गई थी–
- (a) 1950
- (b) 1962
- (c) 1980
- (d) 1990

(95) एक कम्पनी अपने उत्पाद की श्रृंखला जो कि क्रय तथा विक्रय की वृद्धि करती है__________कहलाती है–
- (a) विविधीकरण
- (b) वचनबद्धता
- (c) विपणन
- (d) लोचशीलता

(96) FMCG में "C" से आशय होता है–
- (a) Capital
- (b) Cheap
- (c) Consumer
- (d) Company

(97) PESTLE__________वातावरण की व्याख्या करता है–
- (a) सूक्ष्म
- (b) समग्र
- (c) वास्तविक
- (d) भौतिक

(98) "Black Box Model" __________के नाम से भी जाना जाता है–
- (a) Consumer Model
- (b) Computer Model
- (c) Aircraft Model
- (d) Feedback Model

(99) मौद्रिक क्षेत्र, अर्थव्यवस्था, बाजार तथा कर संबंधित सरकारी नीति किसमें दर्शायी जाती है–
- (a) वार्षिक बजट
- (b) वार्षिक रिपोर्ट
- (c) राष्ट्रीय सर्वेक्षण रिपोर्ट
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(100) निम्न में से कौनसा उदारीकरण का एक प्रभाव है?
- (a) विनिवेश
- (b) विदेशी प्रत्यक्ष निवेश
- (c) सार्वजनिक क्षेत्र की इकाईयों का तीव्र विकास
- (d) उपरोक्त सभी

***